# कार्यालय नगर पालिका परिषद

लखीमपुर-खीरी (उ0प्र0 262701)
05872-278426 * www.npplakhimpur.in * E-mail:- eonpplakhimpurlk-up@nic.in

पत्रांक– 1031 / जननिर्माण / एम0बी0एल0 / 2019–20

दिनांक : 3 9 .2019

## ई–निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, लखीमपुर के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो हेतु निविदायें दिनांक 02.09.2019 को समय अपरान्ह 04:00 बजे से दिनांक 12.09.2019 को अपरान्ह 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत ठेकेदार बेवसाइट www.etender.up.nic.in के माध्यम से निविदायें डाल सकते है, जिनकी टेक्निकल बिड दिनांक 13.09.2019 समय पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद, लखीमपुर में खोली जायेगीं। विस्तृत जानकारी ई–टेण्डर की बेवसाइट www.etender.up.nic.in तथा नगर पालिका परिषद, लखीमपुर की बेवसाइट **www.npplakhimpur.in** पर उपलब्ध रहेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत् हैं :–

| क्रम सं0 | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत | जमानत राशि (2%) | निविदा मूल्य (जी0एस0टी0सहित) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | राज्य वित्त आयोग | | | |
| 1 | मझरा फार्म के पास रपटा पुल का निर्माण कार्य | 6,86,200/– | 13,724/– | 784/– | 1 माह |

(आर0आर0अम्बेश)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
लखीमपुर।

(निरूपमा वाजपेयी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
लखीमपुर।

प्रतिलिपि–प्रभारी अधिकारी, स्थानीय निकाय कलेक्ट्रेक्ट, खीरी को सूचनार्थ प्रेषित।
2–पालिका नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
3–कम्प्यूटर आपरेटर को बेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

अधिशासी अधिकारी

Scanned by CamScanner

# कार्यालय नगर पालिका परिषद

लखीमपुर-खीरी (उ0प्र0 262701)

05872-278426 * www.npplakhimpur.in * E-mail:- eonpplakhimpurlk-up@nic.in


## –:निविदा की शर्तेः–

1. निविदा डालते समय 02 प्रतिशत धरोहर/जमानत धनराशि एवं निविदा शुल्क आर0टी0जी0एस0 के माध्यम से केनरा बैंक मुख्य शाखा लखीमपुर खाता संख्या 2910101004088 आई0एफ0एस0सी0 कोड CNRB0002910 में जमा किया जा सकता है तथा आर0टी0जी0एस0 ट्राजेक्शन की प्रति निविदा डालते समय अपलोड करना अनिवार्य होगा।
2. निविदादाताओं द्वारा ई–टेण्डरिंग प्रणाली के अन्तर्गत निर्धारित प्रपत्रों के अतिरिक्त मूल अभिलेखों एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD)सम्बन्धी डिमाण्ड ड्राफ्ट्स/पेय आर्डर्स की स्कैन प्रति अथवा प्रतिभूति प्रमाण पत्र विभाग के पक्ष में बन्धक कराने पर प्राप्त ट्राजेक्शन नम्बर को निविदा के समय अपलोड किया जायेगा तथा निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो जाने अर्थात निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड्स खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेंख व्यक्तिगत् रूप से विभाग/कार्यालय को प्रस्तुत किये जायेगें।
3. निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने से पूर्व निविदादाता द्वारा मूल अभिलेंख एवं निविदा शुल्क तथा धरोहर धनराशि (EMD)सम्बन्धी डिमाण्ड ड्राफ्ट्स/पेय आर्डर्स/ प्रतिभूति प्रमाण पत्र मूल रूप से प्रस्तुत नही किए जाने पर निविदादाता की निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त तीन दिवस के अन्दर नियमानुसार अपने व्यय पर कार्य का निर्धारित स्टाम्प पर अनुबन्ध पत्र निष्पादित कराना अनिवार्य होगा।
5. न्यूनतम निविदा स्वीकार होने के उपरान्त सम्बन्धित ठेकेदार को स्वीकृत राशि की नियमानुसार जमानत धनराशि (8%) एफ0डी0आर0/एन0एस0सी0/के0बी0पी0 के रूप में अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, लखीमपुर के पदनाम से बन्धक कराकर जमा करना अनिवार्य होगा।
6. आयकर, रायल्टी, लेबर सेस आदि की कटौती ठेकेदार के भुगतान बिल से की जायेगी।
7. कार्यादेश निर्गत किए जाने के पश्चात कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व, कार्य किये जाते समय एवं कार्य समाप्ति से सम्बन्धित साइट का फोटोग्राफ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
8. समस्त निर्माण कार्य एवं आपूर्ति की जाने वाली सामग्री निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुरूप होगी।
9. निविदा पर कटिंग या उपरिलेखन होने पर निविदा अमान्य होगी।
10. शासनादेश संख्या 24वीआईपी(1)/नौ–5–2017–120 बजट/2013 दिनांक 24 अगस्त, 2017 व शासनादेश संख्या 2087/नौ–5–13–120 बजट/2013 दिनांक 07–06–2013 व शासनादेश संख्या 715/नौ–5–2018–10 बजट/2013 नगर विकास अनुभाग–5 दिनांक 17 मार्च 2018 के अनुसार किया जाने वाला निर्माण पूर्ण होने के पश्चात पांच वर्ष तक अनुरक्षण/रख–रखाव कान्ट्रेक्टर/फर्म द्वारा किया जाना अनिवार्य है जिस हेतु कान्ट्रक्टर/फर्म से 8 प्रतिशत धनराशि 5 वर्ष के लिये निकाय के पास जमा/अनुरक्षित रहेगी।
11. निविदादाता निविदा के साथ 100/– के स्टाम्प पर शपथ पत्र बनवाकर अपलोड करना अनिवार्य होगा।
12. यदि निविदा खोले जाने वाले दिवस में अवकाश रहता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।
13. वर्तमान में वैध हैसियत प्रमाण पत्र, चरित प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 पंजीकरण प्रमाण पत्र, आयकर/श्रमकर पंजीकरण की मूल प्रति अपलोड/प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
14. टेण्डर फार्म एवं समस्त निविदा सूचना पालिका बेवसाइट www.npplakhimpur.in एवं ई–टेण्डरिंग बेवसाइट www.etender.up.nic.in पर डाउनलोड व देखी जा सकती है।
15. सशर्त निविदा पर कोई विचार नही किया जायेगा।
16. समस्त या किसी भी निविदा को बिना कारण बतायें निरस्त करने का अधिकार पालिका के अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष महोदय मे निहित होगा।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद,लखीमपुर।

Scanned by CamScanner